संपादकीय

# भूख का गहराता सवाल

उपभोग के घटते स्तर, प्रति व्यक्ति अनाज की घटती उपलब्धता, और आम पोषण की कमी का नतीजा लंबाई की तुलना में कम वजन, उम्र की तुलना में कम लंबाई और रक्तक्षीणता से ग्रस्त महिलाओं-बच्चों की संख्या बढ़ने के रूप में सामने आ रहा है।

आज चूंकि वैश्विक स्तर पर जारी होने वाले लगभग हर सूचकांक को भारत सरकार उसे तैयार करने की विधि पर सवाल उठाते हुए खारिज कर देती है, इसलिए अब उसके एतराज को खुद भारत में भी बहुत से लोग अब गंभीरता से नहीं लेते। गौरतरलब है कि ग्लोबल हंगर इंडेक्स (वैश्विक भूख सूचकांक) तैयार करने वाली संस्थाओं- आयरलैंड की कंसर्न वर्ल्डवाइड और जर्मनी की वेल्ट हंगरहाइफ ने भारत सरकार की आपत्तियों को बिंदुवार खारिज करते हुए कहा है कि उसकी रिपोर्ट 125 देशों के बारे में है, लेकिन उस पर एतराज सिर्फ भारत ने जताया। जिन आंकड़ों के आधार पर उन्होंने सूचकांक में भारत को 111वे स्थान पर रखा, उनके स्रोत उन्होंने सार्वजनिक कर दिए हैं। और उनमें ज्यादातर आंकड़े खुद भारत सरकार के हैं। फिर दोनों संस्थाओं ने कहा है कि वह अपनी रिपोर्ट 2006 से जारी कर रही है, जिसकी पहले समकक्ष संस्थाओं के विशेषज्ञ समीक्षा करते हैं। इसीलिए कभी उसकी रिपोर्ट विवादास्पद नहीं रही। दरअसल, भारत में रहने वाले लोगों का आम तजुर्बा भी वही है, जो यह रिपोर्ट हमें बता रही है।

देश में उपभोग के घटते स्तर, प्रति व्यक्ति अनाज की घटती उपलब्धता, और आम पोषण की कमी का नतीजा लंबाई की तुलना में कम वजन, उम्र की तुलना में कम लंबाई और रक्तक्षीणता से ग्रस्त महिलाओं और बच्चों की संख्या बढ़ने के रूप में सामने आ रहा है। सरकार ऐसी रिपोर्टों का खंडन करने के लिए उन कल्याण योजनाओं का तर्क देती है, जो उसने वंचित तबकों के लिए चला रखी हैं। विकास अर्थव्यवस्था की भाषा में इसे इनपुट कहा जाता है। जबकि ज्यादा विश्वसनीय रिपोर्टें आउटपुट के आधार पर तैयार की जाती हैं। यानी जो अंतिम परिणाम मौजूद है, इनमें उस पर ध्यान दिया जाता है। वैसे भी जब तक लोगों के पास स्थायी रोजगार और परिवारों के पास स्थिर आमदनी का जरिया नहीं हो, सरकारी योजनाएं लोगों को बस जिंदा रख सकती हैं, उन्हें स्वस्थ एवं खुशहाल जिंदगी नहीं दे सकतीं। यह सरकार के लिए आत्म-मंथन का सवाल है कि क्या भारतीय अर्थव्यवस्था देश की बहुसंख्यक आबादी को ऐसी जिंदगी का आधार पर उपलब्ध करवा रही है?

## केंद्रीय कर्मचारियों के लिए खुशखबरी, दिवाली पर मिलेगा एक महीने की सैलरी के बराबर बोनस



**नई दिल्ली ।** केंद्रीय कर्मचारियों के लिए अच्छी खबर है। सरकारी कर्मचारियों को दिवाली से पहले केन्द्र सरकार की ओर से बड़ी सौगात मिलने जा रही है। वित्त मंत्रालय ने केंद्र सरकार के कर्मियों को दीपावली के मौके पर नॉन-प्रोडक्टिविटी लिंक्ड बोनस (एडहॉक बोनस) देने की घोषणा की है। इसके तहत सभी पात्र कर्मियों को 30 दिन के वेतन जितनी राशि मिलेगी।

केंद्र सरकार के ग्रुप बी और ग्रुप सी के अंतर्गत आने वाले वे अराजपत्रित कर्मचारी, जो किसी प्रोडक्टिविटी लिंक्ड बोनस स्कीम के तहत नहीं आते हैं, उन्हें भी यह बोनस दिया जाएगा। एडहॉक बोनस का फायदा केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के सभी योग्य कर्मियों को भी मिलेगा।

वित्त मंत्रालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार, एडहॉक बोनस के तहत जो रकम दी जाती है, उसका निर्धारण करने के लिए एक नियम बनाया गया है। कर्मियों का औसत वेतन, गणना की उच्चतम सीमा के अनुसार, जो भी कम हो, उसके आधार पर बोनस जोड़ा जाता है। यदि किसी कर्मी को सात हजार रुपये मिल रहे हैं, तो उसका 30 दिनों का मासिक बोनस लगभग 6907 रुपये रहेगा।

इस तरह के बोनस का फायदा, केंद्र सरकार के उन कर्मचारियों को ही मिलेगा, जो 31 मार्च 2023 को सेवा में रहे हैं। उन्होंने साल 2022-23 के दौरान कम से कम छह महीने तक लगातार ड्यूटी दी है। वित्त मंत्रालय के आदेश में कहा गया है, जो कर्मचारी अस्थायी तौर से एडहॉक बेस पर नियुक्त हुए हैं, उन्हें भी ये बोनस मिलेगा, बशर्ते उनकी सेवा के बीच कोई ब्रेक न रहा हो।

ऐसे कर्मचारी जो, 31 मार्च 2023 को या उससे पहले सेवा से बाहर हो गए, उन्होंने त्यागपत्र दे दिया हो या सेवानिवृत हुए हों, उसे स्पेशल केस माना जाएगा। इसके तहत वे कर्मी, जो अमान्य तरीके से मेडिकल आधार पर 31 मार्च से पहले रिटायर हो गए या दिवंगत हो गए हैं, लेकिन उन्होंने वित्तीय वर्ष में छह माह तक नियमित ड्यूटी की है तो उसे एडहॉक बोनस के योग्य माना जाएगा। इसके लिए संबंधित कर्मचारी की नियमित सेवा की निकटवर्ती संख्या को आधार बनाकर 'प्रो राटा बेसिस' पर बोनस तय होगा।

वे कर्मचारी, जो प्रतिनियुक्ति, विदेश सेवा, केंद्र शासित प्रदेश या किसी पीएसयू में 31 मार्च 2023 को कार्यरत हैं तो उन्हें लेंडिंग डिपार्टमेंट यानी उधार देने वाला विभाग, यह बोनस नहीं देगा। ऐसे केस में उधार लेने वाले संगठन की जिम्मेदारी बनती है कि वह एडहॉक बोनस, पीएलबी, एक्सग्रेसिया और इंसेंटिव स्कीम आदि प्रदान करे, बशर्तें वहां ऐसे प्रावधान चलन में हों।

यदि कोई कर्मचारी 'सी' या इससे ऊपर के ग्रेड में है और उसे वित्तीय वर्ष के दौरान बीच में ही विदेश सेवा से वापस बुला लिया जाता है, तो इस बाबत एडहॉक बोनस का नियम बनाया गया है। इसके तहत वित्तीय वर्ष में विदेशी विभाग से यदि उस कर्मी के मूल विभाग को बोनस और एक्सग्रेसिया राशि मिली है, तो संबंधित कर्मी को वह राशि दे दी जाएगी। रिवर्ट होने के बाद भी यदि कर्मी का केंद्र सरकार की तरफ बोनस बकाया है ऐसी स्थिति में केंद्र सरकार उसके एडहॉक बोनस पर प्रतिबंध लगा सकती है।

## अब वॉट्सऐप पर नहीं पड़ेगी पासवर्ड लगाने की जरूरत, कंपनी लांच करने जा रही नया फीचर्स



**नई दिल्ली ।** सोशल मीडिया प्लेटफार्म वॉट्सऐप ने यूजर्स के लिए एक नया फीचर्स लांच किया है। इसके तहत अब यूजर्स को वॉट्सऐप पर पासवर्ड लगाने की जरूरत नहीं होगी। दरअसल, वॉट्सऐप ने पासकी4 फीचर को रोलआउट कर दिया गया है। इस फीचर रोलआउट के बाद यूजर्स को पासवर्ड की जरूरत नहीं होगी।

यह फीचर आने वाले हफ्तों में सभी यूजर्स के लिए उपलब्ध हो जाएगा। मेटा ओन्ड प्लेटफॉर्म ने पासकीज को एंड्रॉइड यूजर्स के लिए रोलआउट कर दिया है। हालांकि आईओएस यूजर्स के लिए पासकीज को कब रोलआउट किया जाएगा, फिलहाल इस बारे में कोई जानकारी मौजूद नहीं है।

आपको बता दें कि पीसकीज आमतौर पर किसी भी यूजर के अकाउंट लॉगिन करने के लिए काफी सिक्योर होती हैं। यह एक तरह से मेटा का पासवर्डलेस अप्रोच है, जो स्रूस् बेसड टू-फैक्चर अथेंटिकेशन की जगह इस्तेमाल किया जा सकता है। यह सिक्योरिटी ऑप्शन अकाउंट को फेस, फिंगरप्रिंट और पिक के जरिए फोन को लॉगिन करने की इजाजत देता है।

## श्रीलंका के खिलाफ मैच में डीआरएस का फैसला अपने खिलाफ जाने से नाराज वॉर्नर

**नई दिल्ली।** आस्ट्रेलिया के अनुभवी सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर श्रीलंका के खिलाफ विश्व कप मैच में डीआरएस का फैसला अपने खिलाफ जाने से नाराज और दुखी हैं और उन्होंने व्यवस्था में अधिक जवाबदेही की मांग की है।

आस्ट्रेलिया ने लखनऊ में यह मैच पांच विकेट से जीता। वॉर्नर को श्रीलंका के तेज गेंदबाज दिलशान मदुशंका ने पगबाधा आउट किया था। वॉर्नर ने कहा , मैने कभी नहीं देखा कि हॉक आई ने बताया हो कि तकनीक कैसे काम करती है। यह सिर्फ टीवी के लिये है। उन्होंने कहा , उन्हें हमें बताना चाहिये कि यह कैसे काम करती है। इसके बाद हम तय करेंगे कि उन्हें रेफर करना है या नहीं। मैने मैदानी अंपायर से पूछा कि मुझे आउट क्यो दिया गया। उन्होंने कहा कि गेंद पीछे की ओर स्विंग होकर स्टम्प पर लग रही थी। मुझे ऐसा नहीं लगा। उन्होंने यह भी कहा कि यहां बॉल ट्रैकिंग फैसलों में आस्ट्रेलिया की तुलना में अधिक समय लग रहा है। उन्होंने कहा, यहां इतना समय लग रहा है कि बल्लेबाज इंतजार करते हुए चिढ जाये।

आरबीआई का बड़ा एक्शन

## आईसीआईसीआई और कोटक महिंद्रा बैंक को ठोका भारी भरकम जुर्माना

**नई दिल्ली।** बैंकिंग से जुड़े नियमों का पालन नहीं करने पर देश के दो सबसे बड़े प्राइवेट बैंक आईसीआईसीआई बैंक और कोटक महिंद्रा बैंक को आरबीआई ने भारी भरकम जुर्माना लगाया है। दोनों बैंकों को कुल मिलाकर 15 करोड़ रुपए से ज्यादा का जुर्माना अदा करना है।

भारतीय रिजर्व बैंक ने आईसीआईसीआई बैंक पर 12.19 करोड़ रुपए का और कोटक महिंद्रा बैंक पर 3.95 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया है। बैंकों पर ये जुर्माना अलग-अलग नियमों के उल्लंघन के चलते लगाया गया है। आईसीआईसीआई बैंक पर जुर्माना जहां बैंकिंग रेग्यूलेशन एक्ट के प्रावधानों का सही से पालन नहीं करने को लेकर लगाया है। वहीं कोटक महिंद्रा बैंक पर ये जुर्माना रिजर्व बैंक की कई गाइडलाइंस के उल्लंघन को लेकर लगाया गया है।

कोटक महिंद्रा बैंक ने आरबीआई की रिकवरी एलेंट, बैंक के अंदर कस्टमर सर्विस, फाइनेंशियल सर्विसेस की आउटसोर्सिंग में जोखिम प्रबंधन और आचार संहिता और लोन बांटने से जुड़े गाइडलाइंस का सही से पालन नहीं किया। इसलिए उस पर केंद्रीय बैंक ने जुर्माना लगाया है। बैंक इन सभी गाइडलाइंस को लेकर सालाना समीक्षा करने में विफल रहा है। कस्टमर्स के कंफर्ट के एक सबसे बड़े मुद्दे पर बैंक का ध्यान गया है। वो ये कि कोटक महिंद्रा बैंक ये सुनिश्चित करने में विफल रहा है कि लोन रिकवरी एजेंट ग्राहकों को सुबह 7 से शाम 7 बजे की सीमा से बाहर कॉल नहीं करें। केंद्रीय बैंक ने आईसीआईसीआई बैंक पर फ्रॉड का क्लासिफिकेशन करने और उसकी जानकारी देने में कोताही बरतने को लेकर जुर्माना लगाया है। आरबीआई का कहना है कि बैंकिंग रेग्यूलेशन एक्ट के तहत उसे इस तरह की कार्रवाई करने की शक्ति मिली हुई है, जिसका इस्तेमाल करते हुए उसने ये कार्रवाई की है। आईसीआईसीआई बैंक ने ऐसी कंपनियों को लोन दिया है, जिसके डायरेक्टर्स में दो ऐसे लोग शामिल हैं, जो बैंक के बोर्ड में भी शामिल हैं। ये कंपनियां नॉन-फाइनेंशियल प्रोडक्ट सेक्टर में काम करती हैं।

## लागत में कटौती की तैयारी में रुल्स-रॉयसी : बनाई 2,500 कर्मचारियों को बर्खास्त करने की योजना




**नई दिल्ली ।** वैश्विक इंजीनियरिंग दिग्गज रोल्स-रॉयस ने लागत में भारी कटौती के तहत वैश्विक स्तर पर 2,500 से अधिक कर्मचारियों को बर्खास्त करने की योजना की घोषणा की है।

बीपी के पूर्व कार्यकारी तुफान एर्गिनबिल्गिक ने जनवरी में रोल्स-रॉयस के सीईओ के रूप में पदभार संभाला था, जब उन्होंने प्रतिष्ठित विमान इंजन निर्माता को एक बर्निंग प्लेटफॉर्म बताकर कंपनी के कर्मचारियों को चौंका दिया था, जिसका संचालन अस्थिर था।

कंपनी दुनिया भर में 42,000 लोगों को रोजगार देती है, जिसमें से लगभग आधा कार्यबल यूके में स्थित है। जब कोरोना महामारी के दौरान एयरलाइंस बंद हो गई थी तब रोल्स-रॉयस का वित्तीय प्रदर्शन गिर गया था, लेकिन पिछले साल वैश्विक हवाई यात्रा में सुधार के साथ इसमें सुधार हुआ है।

हालांकि, लंबी दूरी की यात्रा पर कंपनी के फोकस का मतलब है कि यह उन प्रतिद्वंद्वियों से पिछड़ गया है जो छोटी दूरी के विमानों के लिए इंजन बनाते हैं, 2023 की शुरुआत के बाद से इसके शेयर की कीमत दोगुनी से अधिक हो गई है, हालांकि 2019 में यह अपने महामारी-पूर्व स्तर से कम है।

कंपनी का लंबी दूरी की यात्रा पर ध्यान केंद्रित करने का मतलब है कि वह छोटी दूरी के विमानों के लिए इंजन बनाने वाले प्रतिद्वंद्वियों से पिछड़ गई है, साल 2023 की शुरुआत के बाद से इसके शेयर की कीमत दोगुनी से अधिक हो गई है, हालांकि 2019 में यह अपने महामारी-पूर्व स्तर से कम है।

रोल्स-रॉयस ने नौकरी में कटौती के बारे में कोई विवरण नहीं दिया, लेकिन कहा कि आगे की घोषणा करने से पहले उसे यूनियनों के साथ जुडऩे की जरूरत है। कंपनी ने कहा कि नियोजित परिवर्तन दोहराव को दूर करेंगे और लागत दक्षता प्रदान करेंगे।

एर्गिनबिल्जिक ने कहा, हम एक रोल्स-रॉयस का निर्माण कर रहे हैं जो भविष्य के लिए उपयुक्त है। इसका मतलब है कि एक अधिक सुव्यवस्थित और कुशल संगठन जो हमारे ग्राहकों, भागीदारों और शेयरधारकों के लिए काम करेगा।

## एलन मस्क का बड़ा ऐलान : अब एक्स के नए यूजर्स को चुकाना होगा सालाना शुल्क



**नई दिल्ली ।** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के मालिक एलन मस्क ने बुधवार को कहा कि बॉट्स से निपटने के लिए नए यूजरों को पोस्ट करने के लिए प्रति वर्ष एक डॉलर का भुगतान करना होगा, हालांकि वे दूसरों के पोस्ट मुफ्त में पढ़ सकते हैं। वैश्विक स्तर पर इस बदलाव को लॉन्च करने से पहले कंपनी इस न्यूजीलैंड और फिलीपींस में इसका परीक्षण कर रही है। दोनों देशों में नए यूजरों को खाते बनाने के लिए एक डॉलर का भुगतान करना होगा। मस्क ने पोस्ट किया, मुफ़्त में पढ़ें, लेकिन लिखने के लिए एक डॉलर/वर्ष। यह वास्तविक यूजरों को अवरुद्ध किए बिना बॉट्स से लडऩे का एकमात्र तरीका है।

उन्होंने कहा, यह बॉट्स को पूरी तरह से नहीं रोकेगा, लेकिन प्लेटफ़ॉर्म में हेरफेर करना एक हजार गुना कठिन होगा। एक्स के अनुसार, यह बॉट्स से लडऩे के लिए किया गया है। एक्स ने कहा कि नया कदम, तथाकथित नॉट ए बॉट कार्यक्रम का हिस्सा है, जिसे स्पैम, हमारे प्लेटफ़ॉर्म में हेरफेर और बॉट गतिविधि को कम करने के हमारे पहले से ही महत्वपूर्ण प्रयासों को बढ़ावा देने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

यह नया प्रोग्राम एक्स के मेन सब्सक्रिप्शन के अतिरिक्त है जिसकी कीमत प्रति माह आठ डॉलर है। एक्स (पूर्व में ट्विटर) भी कथित तौर पर अधिक पैसा कमाने और 2024 तक मुनाफे में आने के लिए अपनी प्रीमियम पेड मेंबरशिप सेवा को तीन सदस्यता स्तरों में विभाजित करने की योजना बना रहा है। रिपोर्टों के अनुसार, एक्स मौजूदा आठ डॉलर प्रीमियम मेंबरशिप को विभिन्न मूल्य बिंदुओं पर तीन अलग-अलग योजनाओं: बेसिक, स्टैंडर्ड और प्लस में विभाजित करेगा। एंट्री-लेवल बेसिक प्लान यूजरों द्वारा प्लेटफ़ॉर्म पर देखे जाने वाले विज्ञापनों की संख्या को कम नहीं करेगा। स्टैंडर्ड टियर आधे विज्ञापन दिखाएगा और शीर्ष प्लस प्रीमियम पेशकश पूरी तरह से विज्ञापन हटा देगी और इसकी लागत प्रति माह आठ डॉलर से अधिक हो सकती है।

## आज का राशिफल

*मेष:* आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज पूरा दिन खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। आपके आसपास सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी। लोग आपके व्यवहार से खुश रहेंगे।

*वृष:* आज का दिन आपके लिए अच्छे परिणाम लाने वाला होगा। विद्यार्थियों को सफलता मिलने के योग बने हुए है, लेकिन पढ़ाई में और मेहनत करने की जरूरत है। मां दुर्गा के सामने कपूर जलाएं, आपके सारे काम असानी से पूरें हो जाएंगे।

*मिथुन:* आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज आपके व्यापार में अच्छा लाभ मिलेगा। नवविवाहित दंपत्ति के बीच आज मीठी नोक:झोक होगी, इससे रिश्तों में और मिठास आयेगा। आज पैसों के लेन:देन में सावधानी बरतें।

*कर्क:* आज पूरे दिन भाग्य आपके साथ रहेगा। आज किसी अनजान व्यक्ति के सहयोग से आपका मन प्रसन्न रहेगा। आज आपकी कोई इच्छा पूरी होने से मन में प्रसन्नता बनी रहेगी। लवमेट आज अपने रिश्ते के बारे में घर को बताएंगे, घरवाले इस पर विचार करेंगे।

*सिंह:* आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आपको सरकारी कामों में कुछ लोगों से राय मिलेगी, जिससे आपका काम असान हो जायेंगा। आपका कोई पूराना दोस्त आपको फोन करके आपको सरप्राइज देगा।

*कन्या:* आज का दिन मिली:जुली प्रतिक्रिया देने वाला रहेगा। आज आप सामाजिक कार्यों में बढ़:चढ़ कर हिस्सा लेंगे। आप घर पर ही परिवार के साथ धार्मिक कार्यों का आयोजन करेंगें। आज आपकी तरक्की के कई रास्ते खुलेंगे।

*तुला:* आज आपको किसी अपने से कोई अच्छी खबर मिलने के योग बने हुए हैं। आज आपको वे लोग ज्यादा महत्व देंगे जो आपको हर मामले में कम समझते थे। इस राशि की महिलाएं अपने कार्यों को पूरा करने में व्यस्त रहेंगी।

*वृश्चिक:* आज का दिन जीवन में मील का पत्थर साबित होगा। आज व्यापार में किसी ऐसी कंपनी के साथ डील फाइनल होगी, जो आपको उम्मीद से अधिक फायदा करायेगी। वकीलों के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा, कोई नया केस हाथ लगेगा।

*धनु:* आज आपका दिन ठीक:ठाक रहने वाला है। आज आपको किसी भी प्रकार के विवादों से दूर रहने की आवश्यकता है। आज बिना सोचे:समझे किसी अजनबी पर भरोसा ना करें। इस राशि के छात्रों को आज ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी।

*मकर:* आज का दिन आपके लिए हर मायने में बढिय़ा रहने वाला है। आपकी किसी परेशानी का हल चुटकियों में निकल जायेगा। ऑफिस में आप किसी प्रोजेक्ट के लिए अपनी बेहतरीन राय देंगे, बॉस आपके काम की तारीफ करेंगे।

*कुंभ:* आज आपका दिन बढिय़ा रहेगा। बड़े निर्णय लेने के लिए दिन अच्छा है। किसी नयी बिजनेस डील के लिए ऑफर मिलेगा। आप जीवनसाथी के साथ घर के कार्यों को पूरा करने में व्यस्त रहेंगे।

*मीन:* आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आपको घर के बड़ो से कुछ प्रेरणा मिलोगी। आज आप जो भी काम शुरू करेंगे, वो सफल होगा। आज आपका स्वास्थ्य पहले से उत्तम रहेगा।

## सालार से पृथ्वीराज सुकुमारन का फर्स्ट लुक आउट, वर्धाराज मन्नार के रूप में आएंगे नजर




'प्रभास' की मच अवेटेड फिल्म 'सालार' से एक्टर पृथ्वीराज सुकुमारन का फर्स्ट लुक आउट हुआ है। यह पोस्टर पृथ्वीराज के 41वें बर्थडे के मौके पर रिलीज हुआ है। पोस्टर में पृथ्वीराज का खतरनाक लुक देखने को मिल रहा है। फिल्म में वह वर्धाराज मन्नार का किरदार निभा रहे हैं। उनका यह लुक उनके नाम पर फिट बैठ रहा है। उन्होंने माथे पर एक लंबा टीका लगा हुआ है और नाक में एक बड़ी रिंग है। गले में स्कार्फ डाले हुए हैं। उनके पीछे भीड़ दिख रही है। उनके पीछे मंडराते बादल उनके कैरेक्टर और लुक को और भी इम्प्रेसिव बना रहे हैं।

'सालार' के मेकर्स ने पृथ्वीराज सुकुमारन का लुक जारी कर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी है। होम्बाले फिल्म्स ने पृथ्वीराज का फर्स्ट लुक जारी करते हुए लिखा, वर्धराजा मन्नार, राजा पृथ्वीराज को शाही जन्मदिन की शुभकामनाएं। इसके रिप्लाई में पृथ्वीराज ने आभार जताया और लिखा,धन्यवाद! इसे दुनिया के देखने का इंतजार नहीं कर सकता।

पृथ्वीराज सुकुमार ने खुद भी सालार से अपना फर्स्ट लुक जारी करते हुए लिखा, होम्बाले फिल्म्स, प्रशांत नील, प्रभास, प्रभास और साराल की पूरी टीम! इस एपिक कहानी को दुनिया के देखते हुए इंतजार नहीं कर सकता। 'सालार' को 'केजीएफ' के डायरेक्टर प्रशांत नील डायरेक्ट किया है। यह फिल्म 22 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

'आदिपुरुष' के बाद, प्रभास के फैंस इस एक्शन थ्रिलर का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इससे पहले, निर्माताओं ने घोषणा की थी कि फिल्म 28 सितंबर को रिलीज होगी। हालांकि इसे स्थगित कर दिया गया क्योंकि मेकर्स ने फिल्म के पोस्ट-प्रोडक्शन पर काम करने का फैसला किया।

## करीना कपूर की द बकिंघम मर्डर का पहला पोस्टर जारी



बेबो के नाम से मशहूर एक्ट्रेस करीना कपूर खान अपने शानदार एक्टिंग के लिए जानी जाती हैं। करीना को आप सबने अब तक पू से लेकर गीत तक के किरदार में देखा है, जिसमें वो बबली लडक़ी बनकर लोगों को खूब एंटरटेन करती हुई नजर आई थीं। लेकिन अब करीना अपनी अपकमिंग फिल्म द बकिंगम मर्डर्स में अब तक के सबसे अलग किरदार में नजर आने वाली हैं। हाल ही में इस फिल्म का फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज किया गया है, जिसमें करीना के लुक ने फैंस के होश उड़ा दिए हैं।

सामने आए पोस्टर में करीना बेहद गुस्से में पुलिसकमिर्यों से जूझती हुई नजर आ रही हैं। पोस्टर में करीना का ये लुक देखकर फैंस के बीच फिल्म को लेकर एक्साइटमेंट काफी बढ़ गई है। हालांकि, मेकर्स ने अभी फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा नहीं की है। यह फिल्म नेटफ्लक्सि पर रिलीज होगी। इस फिल्म के निर्देशन की कमान शाहिद और स्कैम 1992 के डायरेक्टर हंसल मेहता ने संभाली है। एकता कपूर की ये मिस्ट्री थ्रिलर फिल्म एकता कपूर के बालाजी प्रोडक्शन के बैनर तले बनी है।

## फुकरे 3 की कमाई 100 करोड़ रुपए के और करीब पहुंची




बॉलीवुड की सबसे सफल कॉमेडी फ्रैंचाइजी फुकरे की तीसरी किस्त फुकरे 3 की कहानी और तमाम कलाकारों की अदाकारी दर्शकों को खूब पसंद आ रही है।इसने अपने साथ रिलीज हुई बाकी फिल्मों को भी पीछे छोड़ दिया है।फिल्म की रिलीज का यह तीसरा हफ्ता चल रहा है और यह अभी भी अपनी पकड़ बनाए हुए है।हालांकि, सोमवार को फुकरे 3 की कमाई में भारी गिरावट दर्ज की गई है और इसका कारोबार लाखों में सिमट गया है। फुकरे 3 की कमाई के 19वें दिन के आंकड़े सामने आ चुके हैं, जो अब तक का सबसे कम कारोबार है। रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म ने सोमवार को 85 लाख रुपये कमाए हैं और अब इसका बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 91.68 करोड़ रुपये हो गया है।घटती कमाई के बावजूद भारतीय बॉक्स ऑफिस पर फुकरे 3 की कमाई 100 करोड़ रुपये की ओर बढ़ रही है तो वहीं दुनियाभर में फिल्म ने 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा छू लिया है।

## शब्द सामर्थ्य- 217

**बाएं से दाएं**
1. चौड़ी और सपाट जमीन, रणभूमि 3. स्वरग्राम, संगीत के सात स्वरों का समूह 6. धूल का कण, किसी वस्तु का सूक्ष्मकण, धूल 7. हिम्मत, सामर्थ्य 8. अभ्यर्थना, रिसेप्शन, यथा अवसर पर पूछे जाने वाला मंगल कुशल 9. आपस का करार, निबटारा 10. वरदान, दुल्हा 12. भोग, ऐश्वर्य 13. कीमत, मूल्य 14. एक वाद्ययंत्र जिसे सपेरे बजाते हैं 16. समता, बराबरी 18. अश्लील, बेहुदा, अभद्र, घटिया 19. युक्ति, उपाय, ढंग 20. रिक्त, अपूर्ण।

**ऊपर से नीचे**
1. दोस्ती, मित्रता 2. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 4. बचाव, हिफाजत 5. मीठापन, मधुर होने का भाव 7. समुद्र 8. आत्मनिर्भर, जो दूसरे पर आश्रित न हो 9. रसवाला, रसदार 11. मां का बच्चों के प्रति प्रेम 13. खैरात, देने की क्रिया 15. दृष्टि, निगाह 16. वरिष्ठ, बुजुर्ग, चतुर 17. पराजय, हार।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 216 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ला | लू | प्र | सा | द | या | द | व | |
| प | | ति | | | र | क्ष | क | |
| र | ह | मा | न | | | | | आ |
| वा | | | मि | थु | न | | दा | स |
| ह | वा | ला | त | | सी | ता | | पा |
| | न | | | | ब | क | वा | स |
| औ | र | त | | म | | त | | |
| ला | | बे | च | ना | | व | च | न |
| द | ह | ला | | ना | ग | र | | दी |

## सू-दोकू- 217

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | 2 | | | | 1 |
| | | 5 | 1 | | | | 3 | |
| 7 | | | | 9 | | 8 | | 5 |
| | 8 | | 3 | | 7 | | 5 | |
| 2 | | 7 | | | | 1 | | 3 |
| | 4 | | | 1 | | | 8 | |
| 6 | | 2 | | | 9 | | | |
| | 5 | | 7 | | | 3 | | |
| | | 8 | | 5 | | | 6 | 7 |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.216का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 | 5 | 9 |
| 6 | 4 | 1 | 8 | 5 | 9 | 2 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 5 | 4 | 7 | 2 | | 1 | 8 |
| 2 | 6 | 3 | 1 | 9 | 7 | 6 | 8 | 4 |
| 5 | 7 | 8 | 3 | 6 | 4 | 1 | 9 | 2 |
| 1 | 9 | 4 | 5 | 2 | 8 | 7 | 3 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 |
| 3 | 1 | 6 | 9 | 4 | 5 | 8 | 2 | 7 |
| 8 | 2 | 9 | 7 | 1 | 6 | 3 | 4 | 5 |